आकाशवाणी केन्द्र शिमला
25.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

भाजपा टिकट

भारतीय जनता पार्टी ने मंडी संसदीय सीट से फिल्म अभिनेत्री कंगना रणौत और कांगड़ा से डॉ. राजीव भारद्वाज को टिकट दिया है। इसके साथ ही पार्टी ने प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतार दिए हैं। हमीरपुर से अनुराग सिंह ठाकुर तथा शिमला संसदीय क्षेत्र से सुरेश कश्यप को पहले ही चुनाव मैदान में उतारा गया है। कल लोकसभा प्रत्याशियों की 5वीं सूची में हिमाचल समेत 17 राज्यों की 111 सीटों के उम्मीदवारों की घोषणा की गई। दूसरी ओर कांग्रेस ने अभी प्रदेश की चार लोकसभा सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज अपने सरकारी आवास ओक ओवर में मंत्रिमंडल के सहयोगियों व कार्यकर्ताओं के साथ होली मनाई। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी विशेषरूप से मौजूद रहें। इस मौके पर लोगों ने जमकर गुलाल उड़ाया और नाटी डाली। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाला समय प्यार और समृद्धि का होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश को वर्ष 2026 तक आत्मनिर्भर व 2032 तक देश का सबसे अमीर राज्य बनाने का उनका लक्ष्य है। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि चारों सीटों पर जल्द ही प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की जाएगी। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व लोक निर्माण मंत्री ने भी प्रदेशवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि आने वाला समय प्रदेश के लिए सुख, समृद्धि लेकर आए।

होली

रंगों का त्यौहार होली आज प्रदेश में हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया जा रहा है। यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक के रूप में वसंत ऋतु के दौरान मनाया जाता है। इस दिन लोग एक–दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हैं और मिठाइयाँ बाँटते हैं। सभी आयु वर्ग के लोगों में होली को लेकर खासा उत्साह है। इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी इस अवसर पर लोगों को बधाई दी है।

जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने शिमला स्थित सरकारी आवास में आज कार्यकताओं संग होली मनाई। इस अवसर पर जयराम ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं और पूरे देश में लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपने टिकट घोषित कर दिए हैं। उन्हौंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस अभी तक अपने उम्मीदवार भी घोषित नहीं कर पाई है जबकि भाजपा ने प्रदेश की चारों सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिए है। जयराम ठाकुर ने लोकसभा के लिए नामित भाजपा प्रत्याशियों अनुराग ठाकुर, सुरेश कश्यप, कंगना रणौत व डां0 राजीव भारद्वाज को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि 2014 और 2019 में भाजपा ने चारों सीटे जीती थीं और अब 2024 में भी भाजपा लोकसभा की चारों सीटों पर जीत दर्ज करेगी। इस अवसर पर उन्होंने होली की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्नेह और सदभाव के रंगों से सजा ये पारम्परिक पर्व लोगों के जीवन में नई उर्जा और नया उत्साह लेकर आए।

दुर्घटना

ऊना जिला के अम्ब उपमंडल के मैड़ी गांव में मेले के दौरान आज सुबह भूस्खलन होने से दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई व सात अन्य घायल हुए हैं। बताया जाता है कि यह हादसा पवित्र चरण गंगा में स्नान कर रहे श्रद्धालुओं पर पहाड़ी से भूस्खलन होने के कारण पेश आया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया ने बताया कि तीन गम्भीर रूप से घायल व्यक्तियों को ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसे के फौरन बाद चरण गंगा में श्रद्धालुओं के स्नान पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

इस बीच उपायुक्त जतिन लाल ने क्षेत्रीय अस्पताल ऊना पहुंचकर मैड़ी हादसे के घायलों का कुशलक्षेम जाना। उपायुक्त ने बताया कि प्रशासन ने मृतकों के लिए फौरी तौर पर 25–25 हजार व घायलों को 10–10 हजार रुपये की राहत राशि जारी की है।

चुनाव आयोग

चुनाव आयोग आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल चुनाव प्रक्रिया को बढ़ावा दे रहा है। आयोग ने चुनाव मशीनरी और राजनीतिक दलों को मतदाता सूची और चुनावी सामग्री के लिए कागज का उपयोग कम से कम करने के निर्देश जारी किए हैं। चुनाव निकाय ने ई–बुक्स और ई–डॉक्यूमेंट्स के उपयोग पर जोर दिया है और डबल–साइड प्रिंटिंग और लेआउट अनुकूलन सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

कर्मचारी भविष्य निधि

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ ने इस साल जनवरी महीने में 16 लाख दो हजार सदस्य जोड़े हैं। ईपीएफओ के अनुसार, इस साल जनवरी में लगभग 8 लाख आठ हजार नए सदस्यों का नामांकन किया गया है। केंद्रीय श्रम मंत्रालय ने कहा है कि विवरण से यह भी पता चलता है की इस अवधि के दौरान कुल नए सदस्यों में से 18 से 25 तक की वर्ष उम्र के लोगों की संख्या 56 प्रतिशत है और संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं जिन्हें पहली बार नौकरी मिली हैं। विश्लेषण से पता चलता है कि 8 लाख आठ हजार नए सदस्यों में से लगभग 2 लाख 5 हजार नई महिला कर्मचारी हैं।

————————————